आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

अंतर्राष्ट्रीय योग

11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज मनाया जा रहा है जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तंनम में मुख्य योग सत्र से समग्र राष्ट्र का नेतृत्व किया। प्रधानमंत्री के साथ केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव, आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चन्द्रबाबू नायडू सहित लगभग साढ़े तीन लाख प्रतिभागी योग सत्र में शामिल हुए। योग सत्र विशाखापत्तनम के आर. के. बीच से भोगपुरम तक लगभग 26 किलोमीटर के दायरे में आयोजित किया गया। इस आयोजन से नया गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनने की आशा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज योग दिवस पर पूरा विश्व एक साथ योग कर रहा है। यह देखना अदभूत है कि किस प्रकार योग ने पूरी दुनिया को एकजुट किया है।

आज पूरी दुनिया किसी किसी तनाव से गुजर रही है कितने ही क्षेत्रों अशांति और असथिरता बढ़ रही है ऐसे में हमें योग से शांति की दिशा मिलती है योग सिर्फ पर्सनल प्रैक्टिस न रहे बल्कि ग्लोबल पार्टनशिप का माध्यम बने जहां हर देश हर समाज योग को जीवनशैली और लोक नीति का हिस्सा बनाएं जहां हम मिलकर एक्जाम, संतुलित स्टटेनेबल विश्व को गति दें जहां विश्व विश्व को टकराव से सहयोग और टकराव से समाधान की ओर ले जाए।

राज्यपाल शिव प्रताप

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज सुबह राजभवन शिमला में आयोजित योग सत्र में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने योगाभ्यास किया और योग को अपनाकर स्वस्थ और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल देवी पार्वती और महादेव शिव की भूमि रही है जिन्होंने योग को आत्मसाथ किया। इसी तरह से हिमाचल प्रदेश के लोगों को भी योग अपनाकर नशे की कुरीति का खात्मा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग भारत के ऋषियों और मुनियों द्वारा विश्व को दिया गया एक अद्भुत वरदान है।

*योग हमारे ऋषी व महाऋिषियों के द्वारा सम्पूर्ण विश्व को दिया गया एक वरदान है और आज हम यह महसुस करते है कि योग धर्म का विषय नहीं रह गया है लोगों इसे स्वास्थ्य की दृष्टि से अपनाया और अब अध्यात्मक की दृष्टि योग को अपनाया गया है और इस समय यू.ए.ओ. ने जो है प्रधानमंत्री नरेन्द्र जी के आग्रह पर जो दिन तय किया है पूरे विश्व के लिए शुभ हो।*

राज्यस्तरीय योग

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में सैंकड़ों योग सत्रों के माध्यम से लोगों ने योगाभ्यास किया। राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन कांगड़ा जिला के धर्मशाला में आयोजित किया गया जहां आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग को आम लोगों की दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रदेशभर में 70 स्थानों पर रोजाना योगाभ्यास करवाया जाता है। जिसमें विभाग के योग मार्गदर्शकों की देखरेख में लोग योग को अपना रहे हैं।

हमीरपुर के समीरपुर में एक स्कूल में आज आयोजित योग सत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने भी लोगों के साथ योगाभ्यास किया। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने लोगों का आह्वान कर कहा कि योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं क्योंकि योग केवल शारीरिक व्यायाम ही नहीं मानसिक शांति, सन्तुलन और आत्मिक उन्नति का मार्ग है। इसके अलावा नाहन जिला में एक सौ 35 स्थानों पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जबकि जनजतातीय जिला किन्नौर में 30 जगह पर योग सत्र का आयोजित हुए।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर स्थानों में बीते कल से ही रूक–रूक का वर्षा का क्रम जारी है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के अनुसार किन्नौर, सिरमौर और मंडी जिला में मॉनसून सक्रिय हो चुका है जबकि अगले दो से तीन जिलों में भी मॉनसून की वर्षा आरम्भ हो जाएगी। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में विभिन्न स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

श्रीखंड यात्रा

पवित्र व धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण श्रीखंड महादेव यात्रा का आयोजन इस बार कुल्लू प्रशासन व श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट निरमंड द्वारा 10 जुलाई से 23 जुलाई तक किया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है। यात्रा के दौरान बेसकैंप में ऑफलाइन पंजीकरण केवल अति आवश्यक होने पर ही स्वीकार्य होगा।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...

आज समाचार पत्रों ने प्रदेश में मॉनसून पहुंचने की खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल में दो दिन पहले पहुंचा मानसून, कई क्षेत्रों में 26 तक भारी बारिश का अलर्ट। दैनिक भास्कर के शब्द हैं–प्रदेश में 7 दिन पहले मानसून की एंट्री 26 जून तक भारी बारिश का अलर्ट। जबकि दिव्य हिमाचल का कहना है–हिमाचल में मानसून की एंट्री।

पंजाब केसरी ने हिमाचल हाईकोर्ट के निर्देश की ख़बर को शीर्षक दिया है–जलस्त्रोतों के आसपास प्रदूषण फैलाने वालों पर कार्रवाई करें सचिव।

————————————